Piramal Foundation

Frequently Asked Questions

In context of COVID-19 Campaign

17th April 2020

सामान्य सवाल

प्रश्न 1: इस कार्य को करने के लिए कितने समय की ज़रूरत है?

उत्तर: यह कार्य आप फ़ोन द्वारा कर सकते हैं तो आपको अपने दिन के कुछ ही घंटे इस काम के लिए देने होंगे|

प्रश्न 2: यह कार्य कब तक चलेगा?

उत्तर: यह कार्य आपको अगले 3 - 5 महीने तक करना होगा?

प्रश्न 3: मुझे इस कार्य से सम्बंधित जानकारी और सहायक सामग्री कौन उपलब्ध कराएगा और कैसे कराएगा?

उत्तर: आपको सारी सामग्री मेरे द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी|मैं आपको समय-समय पर कॉल करके कोविड 19 के विषय में सारी जानकारी देते रहूँगा/रहूंगी और सहायक सामग्री जैसे विडियोज, ऑडियो या लिखित डोक्युमेंट भी आपके whatsaap पर भेजते रहूँगा/रहूंगी|

प्रश्न 4: मैं आपके साथ काम करना चाहती हूँ पर एक लड़की होने के कारण मेरे माता-पिता मुझे ज्यादा देर तक फ़ोन पर बात नहीं करने देते हैं?

उत्तर: अगर एसी बात है तो हमारी संस्था के लोग आपके माता-पिता से इसके बारे में बात करेंगे और उन्हें भी समझायेंगे कि यह कार्य करना क्यों ज़रूरी है और आप इस कार्य के कितने अहम् भागीदार हैं|

प्रश्न 5: आपके पास इस कार्य से सम्बंधित किस तरह की सामग्रियां हैं?

उत्तर: हमारे पास कोविड 19 की जानकारी से सम्बंधित कुछ विडियोज़, पी.पी.टी., ऑडियो सामग्री एवं लिखित डोक्युमेंट हैं|

कोविड 19 से संबंधित सवाल

प्रश्न 1: कोविड 19 के लक्षण क्या-क्या होते हैं?

उत्तर: सांस लेने में दिक्कत होना, बुखार, थकान, खांसी, छींक आदि इस बिमारी के लक्षण हैं|

प्रश्न 2: कोविड 19 से बचने के लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर: कोविड 19 से बचने के लिए साफ़-सफाई का विशेष ध्यान रखें जैसे समय-समय पर अपने हाथों को अच्छे से साबुन से धोएं, लोगों से दूरियां बनाए रखें, अपने घर पर ही रहें आदि|

प्रश्न 3: कितने बुजुर्ग लोग इस बीमारी से संक्रमित हो सकते हैं?

उत्तर: लगभग 29 लाख बुजुर्ग लोग इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं इसी लिए हम बुजुर्ग लोगों की जिंदगियों को सुरक्षित करने के लिए कार्य कर रहे हैं|

हितधारक आधारित सवाल

प्रश्न 1: यह कार्य करने से मेरा क्या लाभ होगा? क्या मुझे कुछ पैसे मिलेंगे?

उत्तर: नहीं, आपको पैसे तो नहीं मिलेंगे परन्तु यह कार्य पूर्ण करने के बाद आपको जिले के अधिकारी (जिला कलेक्टर) द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा|

प्रश्न 2: क्या फ़ोन रिचार्ज करने के लिए हमें पैसे मिलेंगे या हमारा फ़ोन रिचार्ज किया जायेगा?

उत्तर: नहीं

संचार माध्यम आधारित सवाल

प्रश्न 1: आजकल तो मैं घर से बाहर निकल ही नहीं सकता/सकती हूँ तो ऐसे में, मैं अपने समुदाय के बुजुर्ग लोगों की मदद कैसे कर सकता/सकती हूँ?

उत्तर: अभी के समय में आपको इस कार्य को करने के लिए समुदाय के लोगों के पास जाने की आवश्यकता नहीं है आपको घर में ही रहना है और फ़ोन के ज़रिये बातचीत करके, एस.एम.एस., whatsaap आदि के द्वारा यह कार्य करना होगा|

प्रश्न 2: आपके द्वारा दी गई जानकारी को मैं अपने समुदाय के बुजुर्ग लोगों तक कैसे पहुंचाऊंगा/पहुंचाऊंगी?

उत्तर: यह कार्य आपको फ़ोन के द्वारा करना होगा| मैं आपको जब-जब जो-जो जानकारी दूंगा/दूंगी वह जानकारी आपको आगे अपने समुदाय के बुजुर्ग व्यक्तियों तक फ़ोन कॉल्स, एस.एम्.एस., whatsaap आदि के द्वारा पहुंचानी होगी|

प्रश्न 3: हमारे समुदाय में कई बुजुर्ग लोगों के पास फ़ोन उपलब्ध नहीं है, ऐसे में हम क्या करें?

उत्तर: ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले यह पता लगाएं कि क्या उस बुजुर्ग व्यक्ति के घर में किसी सदस्य के पास फ़ोन है या नहीं? अगर परिवार के सदस्यों के पास फ़ोन हुआ तो आप उनके ज़रिए बुजुर्ग व्यक्ति तक जानकारी पहुंचा सकते हैं| अगर परिवार के किसी भी सदस्य के पास फ़ोन नहीं हुआ तो आप देखें कि उनका सबसे निकटतम पडोसी कौन है? तो आप पडोसी के ज़रिए भी जानकारी उन बुजुर्ग व्यक्ति तक

पहुंचा सकते हैं| पर पडोसी को यह बात भी भली-भांति समझा दें कि वह दूर से ही
बुजुर्ग व्यक्ति तक सारी जानकारी पहुंचाएँ|

प्रश्न 4: मेरे फ़ोन में नेटवर्क की समस्या है, तो ऐसे में मैं बुजुर्ग व्यक्तियों तक जानकारी कैसे पहुंचा सकती हूँ?

उत्तर: अगर यह एक दिक्कत आ रही है तो आप देख सकते हैं कि आपके घर में किसी और सदस्य के फ़ोन में नेटवर्क आता है क्या? अगर हाँ तो आप कुछ समय के लिए उनका फ़ोन मांग लें और उससे यह कार्य करें|